स्टेडियम का निर्माण कार्य पूरा करना

*15 **श्री शमशेर सिंह गोगी (असंध)**:

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:—

(क) गांव बल्ला में स्टेडियम का निर्माण कार्य पूरा न करने के क्या कारण है; तथा

(ख) गांव बल्ला में स्टेडियम के निर्माण पर कितनी आबंटित राशि खर्च की गई तथा उन कार्यों का ब्यौरा क्या है जिन पर उक्त राशि खर्च की गई है;

(ग) यदि खर्च नहीं की गई, तो उसके क्या कारण है; तथा

(घ) गांव बल्ला में स्टेडियम का निर्माण कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

देवेंद्र सिंह बबली, विकास एवं पंचायत मंत्री, हरियाणा

श्रीमान,

क) गांव बल्ला, जिला करनाल में खेल स्टेडियम के निर्माण के लिए एच0आर0डी0एफ बोर्ड ने पत्र क्रमाकं 1960 दिनाकं 07.06.2012 द्वारा 1 करोड रू की राशि स्वीकृत करते हुए मु0 50 लाख रू की राशि प्रथम किस्त के रूप में जारी की थी। स्टेडियम का निर्माण अधूरा है क्योंकि क्रियान्वन संस्था (ग्राम पंचायत) ने कभी भी शेष धनराशि की मांग नहीं की है;

ख) पहली किस्त के रूप में जारी की गई मु0 50 लाख रुपये की राशि उपयोग कर खेल स्टेडियम की चारदीवारी का निर्माण किया गया है;

ग) जैसा कि जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी, करनाल द्वारा रिपोर्ट में बताया गया है कि उक्त कार्य के लिए जारी की गई 50 लाख रुपये की पहली किस्त का उपयोग किया जा चुका है।

घ) शेष निर्माण कार्य राशि जारी होने के बाद जल्द ही शुरू कर दिया जाएगा। संबंधित ग्राम पंचायत से अपेक्षित व्यय के नए अनुमान और प्रस्ताव प्राप्त होने पर तुरंत धनराशि जारी कर दी जाएगी।

***